The Madhya Pradesh Wood Chiran (Regulation) Act, 1984

Act No. 13 of 1984

Amendments appended: 5 of 2011, 4 of 2022, 26 of 2022

DISCLAIMER: This document is being furnished to you for your information by PRS Legislative Research (PRS). The contents of this document have been obtained from sources PRS believes to be reliable. These contents have not been independently verified, and PRS makes no representation or warranty as to the accuracy, completeness or correctness. In some cases the Principal Act and/or Amendment Act may not be available. Principal Acts may or may not include subsequent amendments. For authoritative text, please contact the relevant state department concerned or refer to the latest government publication or the gazette notification. Any person using this material should take their own professional and legal advice before acting on any information contained in this document. PRS or any persons connected with it do not accept any liability arising from the use of this document. PRS or any persons connected with it shall not be in any way responsible for any loss, damage, or distress to any person on account of any action taken or not taken on the basis of this document.

[1]मध्य प्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम, 1984

मध्य प्रदेश अधिनियम क्रमांक 13, वर्ष 1984

दिनांक 11 अप्रैल, 1984 को महामहित राष्ट्रपति जी की अनुमति प्राप्त तथा मध्य प्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग की अधिसूचना क्र. 8762/इक्कसी/अ.(प्रा.) दि. 11 अप्रैल, 1984 द्वारा राजपत्र में प्रकाशित (पृष्ठ 1155-1173)

वनों तथा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से आरा मिलों [2](........) की स्थापना ओर उनके प्रचालन का तथा काष्ट चिरान के व्यापार का लोकहित में विनियमन करने के लिये उपलब्ध करने हेतु अधिनियम।

भारत गणतन्त्र के पैंतीसवें वर्ष में मध्यप्रदेश विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियम हो।

धारा 1. संक्षिप्त नाम विस्तार - (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम "मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम, 1984 हैं।"

(2) इसका विस्तार पूरे मध्यप्रदेश पर है।

धारा 2. परिभाषाएँ - इस अधिनियम में, जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :

[1](क) "नियत दिन" से अभिप्रेत है 15 दिसम्बर, 1983 जिसको कि मध्यप्रदेश काष्ट चिरान (विनियमन) अध्यादेश 1983 (11 वर्ष 1983) सम्पूर्ण म. प्र. राज्य में प्रवृत्त हुआ।

(ख) "अनुज्ञप्ति" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम के अधीन मन्जूर की गई अनुज्ञप्ति।

(ग) 'अनुज्ञप्तिधारी' से अभिप्रेत है, ऐसा कोई व्यक्ति, जिसे इस अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति मन्जूर की गई है।

(घ) "अनुज्ञापन अधिकारी", से अभिप्रेत है धारा (3) के अधीन नियुक्ति किया गया अनुज्ञापन अधिकारी।

(ङ) "अधिसूचित आदेश" से अभिप्रेत है राजपत्र में अधिसूचित किया आदेश।

---

1. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अध्यादेश (17 वर्ष 1984) की धारा 3 से प्रतिस्थापित। अध्यादेश का स्थान म. प्र. अधिनियम क्र. 13 (वर्ष 1984) ने लिया।

(च) "आरा-मिल" से अभिप्रेत है ऐसे संयंत्र और मशीनरी जिससे, और ऐसा परिसर जिसके अन्तर्गत उसकी प्रसीमाएँ भी जाती हैं जिसमें या जिसके किसी भाग में काष्ठ की चिराई विद्युत या यांत्रिक शक्ति के सहायता से की जाती हैं, किन्तु इसमें वर्मा (ड्रिल), टर्निंग मशीन, रूंदा (प्लेनर), छोटा आरा मशीन (जिग सा मशीन) तथा बोडिंग टूल्स सम्मिलित नहीं हैं।"

[1](छ) (विलोपित)।

(ज) "चिरान" से उसके व्याकरणिक रूप भेदों तथा सजातीय पदों सहित, अभिप्रेत है या तो विद्युत या यान्त्रिक शक्ति की सहायता से यान्त्रिक प्रक्रिया द्वारा या हस्तचालित, आरों से काष्ठ की चिराई करने, कटाई करने, उसे रूपान्तरित करने, उसे गढ़ने या उसका संशोषण (Seasoning) करने की संक्रिया और उसके अन्तर्गत उसका परिरक्षित (Preservation) और उसे साधित (Treatment) किया जाना आता है।

[1](ज-ज) "लकड़ी-टाल" से अभिप्रेत है किसी आरा-मिल की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा लकड़ी-टाल के रूप में अधिसूचित किया गया कोई विनिर्दिष्ट स्थान,"

(झ) "यान" (Vehicle) के अन्तर्गत ट्रक, ट्रैक्टर-ट्राली, मोटर-यान, नाव तथा छकड़ा (Cart) आते हैं।

(ञ) "काष्ठ" के अन्तर्गत वृक्ष आते हैं जबकि वे गिर गये हों, गिराये गये हों और किसी भी प्रजाति का समस्त काष्ठ, चाहे वह किसी भी प्रयोजन के लिये काटा गया, रूपान्तरित किया गया, गढ़ा गया, चीरा गया या खोखला किया गया हो या न किया गया हो।

(ट) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के, जो इस अधिनियम में प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं है और जो भातीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16) में परिभाषित हैं, तो वे ही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में उसके लिए दिये गये हैं।

धारा 3. अनुज्ञापन अधिकारी की नियुक्ति - राज्य शासन-

(क) खण्ड वन पदाधिकारी की पद श्रेणी से अनिम्न पद श्रेणी के किसी अधिकारी को इस नियम को प्रयोजन के लिए अनुज्ञापन अधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगी।

(ख) उस स्थानीय सामाओं को परिनिश्चित कर सकेगी जिनके भीतर कोई अनुज्ञापन अधिकारी उन शक्तियों का प्रयोग तथा उन कर्तव्यों का पालन करेगा जो इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन अनुज्ञापन अधिकारी को प्रदत्त की गई है तथा उस पर अधिरोपित किये गये हैं।

धारा 4. अनुज्ञप्ति के लिये आवेदन - नियत दिन से-

(क) कोई भी व्यक्ति किसी आरा मिल [1](........) की स्थापना इस अधिनियम के अधीन उस निमित्त मन्जूर की गई अनुज्ञप्ति के प्राधिकार के अधीन तथा उसकी शर्तों के अधीन रहते हुए ही करेगा अन्यथा नहीं।
"परन्तु राज्य सरकार ऐसी कालावधि अधिसूचित कर कसेगी जिसके दौरान किसी नई आरा-मिल की स्थापा के लिए कोई अनुज्ञप्ति मंजूर नहीं की जाएगी"

(ख) कोई भी व्यक्ति किसी ऐसे आरा मिल [1](........), जो उक्त तारीख के अस्तित्व में हो तब तक नहीं चलायेगा, जब तक कि ऐसे व्यक्ति को, उसके द्वारा ऐसी तारीख से तीस दिन के भीतर, किये गये आवेदन पर, इस अधिनियम के अधीन उस निमित्त अनुमति मंजूर न कर दी गई हो :

---

1. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2003 (क्र. 13 वर्ष 2003) द्वारा विलोपित। एवं 5/2011 दि. 11.1.2011

परन्तु तीस दिन की कलावधि तक, तथा उसके पश्चात् उतनी कालावधि के दौरान, जिसमें आवेदन विचारार्थ लम्बित रहता है, यह समझा जायेगा मानो कि ऐसे व्यक्ति को इस अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति मंजूर कर दी गई थी और वह तद्नुसार आरा मिल [1](........) को चला रहा था।

धारा 5. प्रतिषिद्ध क्षेत्र की घोषणा - (1) राज्य सरकार अधिसूना द्वारा, उन कारणों से, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किये जावेंगे, किसी क्षेत्र को, एक बार में तीन वर्ष से अनधिक ऐसी कालावधि के लिए जो उसमें विनिर्दिष्ट की जावे, प्रतिषिद्ध क्षेत्र (Prohibited Area) घोषित कर सकेगी।

(2) उन कालावधि के दौरान, जिसके लिए किसी क्षेत्र को उपधारा (1) के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है निम्नलिखित परिणाम होंगे, अर्थात्-

(क) उस क्षेत्र में कोई आरा मिल [1](........) स्थापित करने के लिये अनुज्ञप्ति मंजूर नहीं की जावेगी।

(ख) उस कालावधि के दौरान कोई अनुज्ञप्ति नवीनीकृत (Renewed) नहीं की जावेगी।

(ग) उस क्षेत्र में स्थित आरा मिल [1](........), चलना बन्द हो जायेगी और वह चिरान की संक्रियाएँ (Sawing Operations) बन्द रखेगा;
किन्तु अनुज्ञापन अधिकारी, आरा मिल या आरा गड्ढे में जमा काष्ठ की चिराई की जाने की अनुज्ञा ऐसी शर्तों एवं निबन्धों के अधीन, दे सकेगा, जिन्हें अधिरोपित करना वह ठीक समझे।

(घ) बन्द रहने के कारण हुई नुकसानी के मद्दे कोई दावा न तो ग्रहण किया जायेगा न ही कोई नुकसानी संदेय होगी।

"5-क. लकड़ी-टाल की घोषणा -

(1) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, ऐसी तारीख से तथा उन कारणों से, उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए जाएं, किसी क्षेत्र को लकड़ी-टाल के रूप में घोषित कर सकेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन लकड़ी-टाल की घोषणा की तारीख से किसी नई आरा-मिल के लिए ऐसी दूरी के भीतर जैसी कि विहित की जाए कोई भी अनुज्ञप्ति तब तक मंजूर नहीं की जाएगी जब तक कि लकड़ी-टाल के भीतर आरा-मिल का स्थापित किया जाना प्रस्तावित नहीं हो जाता है।

(3) उपधारा (1) के अधीन लकड़ी-टाल की घोषणा की तारीख के पूर्व मंजूर की गई अनुज्ञपित उपधारा (2) के अधीन विहित की गई दूरी के भीतर तब ही नवीकृत की जाएगी यदि अनुज्ञप्तिधारी नवीकरण की तारीख से दो वर्ष की कालावधि के भीतर आरा-मिल को लकड़ी-टाल में ले जाने का वचन देता है"

धारा 6. अनुज्ञप्ति की मन्जूरी, उसका नवीनीकरण, प्रतिसंहरण या निलम्बन -

(1) धारा 4 के अधीन अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन ऐसे प्रारूप में होगा और उसके साथ ऐसी आवेदन फीस तथा अनुज्ञप्ति की शर्तों के सम्यक् अनुपालन के लिए ऐसा प्रतिभूत निक्षेप प्रस्तुत करेगा जैस विहित किया जाये।

---

1. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2003 (क्र. 13 वर्ष 2003) द्वारा संशोधित/विलोपित।

(2) उपधारा (1) के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर अनुज्ञापन अधिकारी, ऐसी जाँच करने के पश्चात् जैसी वह ठीक समझे-

(एक) अनुज्ञप्ति मंजूर कर सकेगा।

(दो) लिखित आदेश द्वारा, उन कारणों से, जो उस आदेश में संक्षिप्त में कथित किये जावेंगे, अनुज्ञप्ति मंजूर करने से इंकार करेगा;

परन्तु अनुज्ञप्ति मंजूर करेन से इंकार करने वाला कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जायेगा जब तक कि आवेदक को सुनवाई का अवसर न दे दिया गया हो।

(3) उपधारा (2) के अधीन मंजूर की गई अनुज्ञप्ति, इस अधिनियम के उपबन्धों तथा ऐसी शर्तों के, जो विहित की जावें, अध्यधीन होगी।

(4) इस धारा के उपबन्ध, अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण को, उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार अनुज्ञप्ति के मंजूर किये जाने या अनुज्ञप्ति मंजूर करने से इन्कार करने के लिए लागू होते हैं।

(5) यदि अनुज्ञापन अधिकारी का, या तो उसे इस निमित्त किये गये निर्देश पर से या अन्यथा या समाधान हो जाता है कि-

अधिसूचना - अधि. क्र. एफ 30.4.2002-दस-3 दिनांक 22.7.2009

म.प्र. शासन काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1984 (क्र. 13 वर्ष 1984) की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, तथा इस विभाग की अधसूचना क्र. एफ 30.4.2002-दस-3 दिनांक 8 अगस्त, 2006 को जो म.प्र. राज्य पत्र में दिनांक 18.8.2006 को प्रकाशित हुई के तारतम्य में राज्य सरकार, एतद् द्वारा, लोकहित तथा वन पर्यावरण को संरक्षित करने तथा उनकी सुरक्षा करने की दृष्टि से नगरपालिका निगम, नगर पंचायत तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्र को छोड़कर आरक्षित या संरक्षित वन की सीमाओं के बाहर 20 किलोमीटर के भीतर के क्षेत्रों को 8 अगस्त, 2009 से 3 वर्ष की कालावधि के लिए, उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए प्रतिषिद्ध क्षेत्र घोषित करता है।

परन्तु माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वार गठित आधिकार द्वारा मुक्त किये क्षेत्र - (1) बालाघाट जिले के किरनापुर, हिर्री, लांजी, खेरलांजी दल्हापुर, लालबर्रा, मानपुर, अमला झिरी तथा को सभी और ऐसे समस्त क्षेत्र जिन्हें केन्द्रीय साधिकार समिति ने मुक्त किया है या ऐसी आरा मशीनें जिन्हें केन्द्रीय साधिकार समिति ने उनके निरन्तर प्रचालन के लिए अनुज्ञात किया है, उक्त घोषणा किये गये प्रतिषिद्ध क्षेत्र से मुक्त रहेंगे। अधि.क्र. म.प्र. राजपत्र भाग 1 दिनांक 31.7.09 पृष्ठ 1893 पर प्रकाशित।

(क) अनुज्ञप्ति आरा मिल [1](........) पर अपने नियन्त्रण से सम्पूर्णः या भागतः अलग हो गया है, या यह कि उसने ऐसी आरा मिल [1](........) को चलाया या उस पर स्वामित्व रखना अन्यथा बन्द कर दिया है, या

(ख) अनुज्ञप्तिदारी ने, युक्तियुक्ति हेतु बिना, अनुज्ञप्ति की शर्तों में से किसी शर्त का या अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा विधिपूर्वक दिये गये किसी निर्देश का अनुपालन नहीं किया है, या इस अधिनियम के, या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों में से किसी उपबन्ध का उल्लंघन किया है, या

---

1. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा विलोपित।

(ग) अनुज्ञप्तिधारी के आरा मिल [1](........) के परिसर में ऐसा काष्ठ रखा है जिसके सम्बन्ध में वह समाधानप्रद रूप से लेखा-जोखा नहीं दे सकता है और परिणामस्वरूप जो धारा 9 के अधीन अधिहृत किये जाने के दायित्वाधीन है, तो किसी ऐसी अन्य शास्ति के लिए जिसके लिए अनुज्ञप्तिधारी इस अधिनियम के अधीन उत्तदायी हो सकता है प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, अनुज्ञापन अधिकारी हेतुक दर्शाने का अवसर अनुज्ञप्तिधारी को देने के पश्चात् अनुज्ञप्ति प्रतिसंहृत (Revoke) या निलम्बित (Suspend) कर सकेगा, और वह धनराशि, यदि कोई हो, जो उन शर्तों के जिनके अध्यधीन अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, सम्यक् पालन के लिए प्रतिभूत के रूप में जमा की गई है, उसको अथवा उसके किसी भाग को समपहृत (Forfeit) कर सकेगा।

(6) उपधारा (5) के अधीन जारी किये गये प्रत्येक आदेश की एक प्रति अनुज्ञप्तिधारी को दी जायेगी।

धारा 7. प्रवेश, निरीक्षण, तलाशी, अभिग्रहण आदि की शक्ति - (1) किसी आरा मिल [1](........) की स्थिति का अभिनिश्चयन (Ascertaining) करने या उसके संचालन की परीक्षा कार्य करने के प्रयोजन से, या इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से, अनुज्ञापन अधिकारी या कोई ऐसा अन्य व्यक्ति, जो अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया हो-

(क) किसी आरा मिल [1](........) में प्रवेश कर सकेगा और उसका निरीक्षण कर सकेगा।

(ख) किन्ही दस्तावेजों, बहियों, रजिस्टरों, या अभिलेखों को, जो किसी आरा मिल [1](........) पर नियन्त्रण रखने वाले, किसी व्यक्ति के अथवा, उसके सम्बन्ध में नियोजित किसी के कब्जे या अधिकार में है, परीक्षा कर सकेगा और इस प्रयोजन के लिए उन्हें पेश किये जाने का आदेश दे सकेगा।

(ग) किसी व्यक्ति की तलाशी ले सकेगा, या इस अधिनियम के तथा उसके बनाये गये नियमों के उपबन्धों के उल्लंघन में उपयोग में लाये गये या उपयोग में लाये जाने के आशयित, किसी परिसर, यान, मशीन, औजारों और उपस्करों की तलाशी ले सकेगा और उस प्रयोजन के लिये किसी यान या व्यक्ति को रोक सकेगा।

(घ) ऐसे काष्ठ, संयंत्रों और मशीनरी, औजार, यान और किसी अन्य वस्तु को, जिसके कि बारे में उसे सन्देह है कि वह इस अधिनियम के या, उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन किये जाने में पहले से ही अन्तर्ग्रस्त है, या उपयोग में लाई जाने वाली है, अभिग्रहित (Seize) कर सकेगा।

(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 100 के उपबन्ध, जे तलाशी और अभिग्रहण से सम्बन्धित हैं, जहाँ तक हो सके, इस धारा के अधीन की तलाशियों और अभिग्रहणों को लागू होंगे।

धारा 8. विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना - प्रत्येक अनुज्ञप्तिधरी, यथास्थित आरा मिल [2](........) के कामकाज के सम्बन्ध में ऐसी विवरणियाँ, ऐसे प्रारूप में, और ऐसे अधिकारी को, तथा ऐसी तारीखों पर प्रस्तुत करेगा, जैसे विहित किया जावे।

1. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा विलोपित।
2. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 1984 द्वारा लुप्त तथा धारा 9

धारा 9. आरा मिल तथा [1](........) में के काष्ठ के स्टाक के लेखाओं का रखा जाना - (I) ऐसा काष्ठ का चाहे वह चिरा हुआ हो, जो आरा मिल [1](........) में या चिरान स्थल पर पाया जावे या चिरान के प्रयोजन के लिए या इसी अन्य प्रयोजन के लिए किसी व्यक्ति द्वारा किसी भी समय या किसी कालावधि के दौरान किसी भी रीति में या किन्हीं भी साधनों द्वारा वहाँ लाया जाये, लेखाजोखा समुचित रूप से रखा जावेगा तथा ऐसे सुसंगत साक्ष्य दस्तावेज, रसीदें, आदेश तथा प्रमाण-पत्र जो यह दर्शित करने के लिए आवश्यक हों कि वह काष्ठ वैध रूप से अभिप्राप्त किया गया है, रखे जावेंगे और निरीक्षण के समय उपलब्ध कराये जावेंगे। काष्ठ के ऐसे स्टॉक के बारे में जिसका समाधानप्रद रूप में लेखा जोखा नहीं रखा गया है, यह उपधारणा की जावेगी कि वह विधि-विरुद्ध (Un-lawfully) अभिप्राय किया गया है और काष्ठ का वह स्टॉक अधिहृत किये जाने के दायित्वाधीन होगा।

धारा 10. बिना अनुमति (Unlicensed) आरा मिल में विद्युत संयोजना आदि का प्रतिषेध - (1) नियम दिन से ही और विद्युत से सम्बन्धित तत्समय प्रवृत्त किसी अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी आरा मिल के प्रयोजन के लिए कोई विद्युत ऊर्जा तब तक उपयोग नहीं की जावेगी और कोई विद्युत संयोजन (Electric Connection) तब तक नहीं लगाया जावेगा या उस प्रयोजन के लिए तब तक चालू नहीं रखा जावेगा, जब तक कि ऐसी आरा मिल इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार सम्यक् रूप से अनुज्ञप्त न हो या अनुज्ञप्त न समझी जाती हो और ऐसे विद्युत संयोजन को तब तक चालू रखा जावेगा जब तक कि ऐसी आरा मिल, इस अधिनियम के अधीन मंजूर की गई या मंजूर की गई समझी गई, विधिमान्य अनुज्ञप्ति के अधीन चालू रहती है।

(2) राज्य सरकार इस धारा के प्रयोजन को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

नोट - उपरोक्त धारा 9 एवं 10 के अन्तर्गत लेखा रखा जाना वैध है। मि.पि. क्र. 2992/1984 निर्णय दि. 8-9-87 जबलपुर उच्च न्यायालय।

धारा 11. अपील - (1) अनुज्ञप्ति मंजूर करने या अनुज्ञप्ति नवीनीकृत करने से अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा इन्कार किये जाने से या किसी अनुज्ञप्ति के निलम्बन या प्रतिसंहरण से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इंकार या निलंबन या प्रतिसंहरण के आदेश की, उस पर तामिल की जाने से तीस दिन के भीतर, विहित प्राधिकारी को अपील कर सकेगा जो अपीलार्थी को और अनुज्ञापन अधिकारी को सुने जाने का अवसर देने के पश्चात् अपील का विनिश्चय करेगा तथा वह आदेश अनुज्ञापन अधिकारी के लिए आबद्धकर होगा।

(2) अनुज्ञापन अधिकारी का आदेश, जब तक कि विहित प्राधिकारी सशर्त या बिना शर्त या अन्यथा निर्देश न दें, उपधारा (1) के अधीन की अपील का निपटारा होने तक प्रवृत्त बना रहेगा।

धारा 12. काष्ठ, संयंत्रों, मशीनरी आदि के विधि विरुद्ध स्टॉक का अधिहरण - (1) धारा (4) खण्ड (ख) में उपबन्धित से सिवाय-

(क) जहाँ कोई आरा मिल [2](........) किसी ऐसे क्षेत्र में जिसे धारा 5 की उपधारा (1) के अधीन प्रतिसिद्ध क्षेत्र (Prohibited Area) घोषित किया है, स्थापित किया जाता है या चलाया जाता है, या

(ख) जहाँ कोई आरा मिल या [2](........) धारा 6 की उपधारा क्रमशः 2 तथा 4 के अधीन अनुज्ञप्ति के बिना या अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण के बिना स्थापित किया जाता है या चलाया जाता है।

1. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 1984 द्वारा लुप्त तथा धारा 9
2. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा विलुप्त।

(ग) जहाँ कोई आरा मिल [1](........) धारा 6 की उपधारा (5) के अधीन अनुज्ञप्ति के निलम्बित या प्रतिसंहृत कर लिये जाने के पश्चात् चलाया जाता है; या

(घ) जहाँ कोई आरा मिल [1](........) धारा 10 की उपधारा (1) का उल्लंघन करते विद्युत ऊर्जा या विद्युत संस्थापन की सहायता से चलाया जाता है; या

(ङ) जहाँ किसी आरा मिल [1](........) में ऐसा काष्ठ भण्डारित किया जाता है जिसका लेखा-जोखा नहीं रखा गया है।

[2]वहाँ अनुज्ञापन अधिकारी विधि विरूद्धतया (Unlawfully) भण्डारित काष्ठ के स्टॉक को यथास्थिति उन समस्त संयंत्रों, मशीनरी, उपकरणों और उपस्करों को, की या उनके किसी भाग को अधिहृत (Confiscation) किये जाने का आदेश दे सकेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन किसी सम्पत्ति को अधिहृत करने वाला कोई आदेश तब तक नहीं किया जावेगा जब तक कि उस व्यक्ति को, सिकी सम्पत्ति अभिग्रहित (Seize) की गई है, और उस दशा में जबकि ऐसी सम्पत्ति का स्वामी ज्ञात हो, ऐसे व्यक्ति को-

(क) वे आधार जिन पर ऐसी सम्पत्ति को अधिहृत किया जाना प्रस्तावित है, सूचित करते हुए लिखित सूचना नहीं दे दी जाती।

(ख) अधिहरण के आधारों के विरूद्ध लिखित अभ्यावेदन उतने युक्तियुक्त समय के भीतर जितना सूचना में विनर्दिष्ट किया जाए करने का अवसर नहीं दे दिया जाता और

(ग) इस मामले में सुनने की युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया जाता।

(3) वन संराक्षक की श्रेणी से अनिम्न पद श्रेणी का कोई वन अधिकारी जिसे राज्य सरकार ने अधिसूचना द्वारा इस निमित्त सशक्त किया हो। अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा उपधारा (1) के अधीन किये गये अधिहरण के आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर या तो स्वप्रेरणा से या आवेदन किया जाने पर उस आदो से सम्बन्धित अभिलेख मंगा सकेगा और उसकी परीक्षा कर सकेगा और ऐसी जाँच करवा सकेगा तथा ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जैसा कि वह ठीक समझे, परन्तु किसी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कोई आदेश उसे सुने जाने का अवसर दिये बिना पारित नहीं किया जायेगा।

(4) उपधारा (3) के अधीन पारित किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसा आदेश उसे संसूचित किया जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर, जिला न्यायालय को अपील कर सकेगा जो उस क्षेत्र पर अधिकारिता रखता है, जिसमें वह सम्पत्ति अभिगृहीत की गई और वह जिला न्यायालय पक्षकरों को सुने जाने का अवसर देने के पश्चात् ऐसा आदेश पारित करेगा, जैसा वह ठीक समझे और जिला न्यायालय द्वारा इस प्रकार पारित किया गया आदेश अन्तिम होगा। जहाँ उपधारा (1) या उपधारा (3) या उपधारा (4) के अधीन पारित किसी सम्पत्ति को अधिहृत किये जाने का कोई आदेश ऐसी सम्पूर्ण सम्पत्ति या उसके भाग के सम्बन्ध में अन्तिम हो गया हो, वहाँ यथास्थिति ऐसी सम्पत्ति या उसका ऐसा भाग सभी विल्लगमों (Encumberances) से मुक्त रूप में, राज्य सरकार में निहित हो जायेगा।

(5) उपधारा (1) या उपधारा (3) या उपधारा (4) के अधीन अधिहरण के आदेश के सम्बन्ध में यह नहीं समझा जायेगा कि वह किसी ऐसी अन्य शास्ति का अधिरोपित किया जाना वर्जित करता है जिसके लिये वह व्यक्ति, जिससे वह सम्पत्ति अभिगृहीत की गई है, इस अधिनियम के अधीन दायी है।

---

1. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा विलुप्त।
2. म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2005 (क्र. 9 वर्ष 2005) द्वारा संशोधित (म.प्र. राजपत्र दि. 27.4.05 पृष्ठ 372 पर प्रकाशित)

नोट - अधिसूचना क्र. 18-3-85-दस 3 (अधि. तीन) के द्वारा धारा 12 की उपधारा (3) के अन्तर्गत वन संरक्षक, जो क्षेत्रीय वन वृत्त के प्रभार में हो, इस उपधारा के अधीन शक्ति का प्रयोग करने को सशक्त करती है।

धारा 13. शास्तियाँ - (1) यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं उपबन्धों में से किसी उपबन्ध का उल्लंघन करेगा या करने का प्रयत्न करेगा या उसके उल्लंघन का दुष्प्रेरणा करेगा, तो वह कारावास से जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से जो बीस हजार रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से, और चालू रहने वाले उल्लंघन की दशा में अतिरिक्ति जुर्माने से जो ऐसे प्रत्येक दिन के

लिए जिसके दौरान ऐसा उल्लंघन, ऐसे प्रथम उल्लंघन के लिए दोषसिद्धि के पश्चात् चालू रहता है, चार सौ रु. तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा: परन्तु -

(एक) जहाँ ऐसा उल्लंघन, प्रयत्न या दुष्प्रेरणा धारा (4) से सम्बन्धित है या

(दो) जब उस उल्लंघन में अन्तर्ग्रस्त विधि विरूद्ध (Unlawful) काष्ठ का परिमाण, पाँच घन मीटर से अधिक है, वहाँ द्वितीय या पश्चात्वर्ती अपराध के लिये, दोनों में से प्रत्येक दशा में न्यूनतम कारावास तीन मास का तथा दोनों में से प्रत्येक दशा में न्यूनतम जुर्माना छः हजार रुपये होगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति-

(एक) जब उसे इस अधिनियम द्वारा या इस अधिनियम के अधीन के किसी आदेश द्वारा कोई कथन करने या ऐसी जानकारी देने के लिये अपेक्षित किया गया हो, ऐसा कथन करेगा या ऐसी जानकारी देगा जो किसी तात्विक (Material) विशिष्ट के सम्बन्ध में मिथ्या है और जिसके बारे में वह यह जानता है कि उसके पास विश्वास करने का कारण है कि वह मिथ्या है अथवा जिसके बारे में उसे यह विश्वास नहीं है कि वह सत्य है; या

(दो) किसी बही, लेखा, अभिलेख, घोषणा, विवरणी या अन्य दस्तावेज में, जिसे रखने या देने के लिये वह इस अधिनियम के अधीन अपेक्षित है, यथापूर्वोक्त कोई कथन करेगा, वह कारावास से जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से जो छः हजार रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से दण्डनीय होगा।

धारा 14. कम्पनियों द्वारा अपराध - (1) जहाँ इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध, किसी कम्पनी द्वारा किया गया है, वहाँ प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जो उस अपराध के किये जाने के समय उस कम्पनी के कारबार के संचालन के लिये, उस कम्पनी का भारसाधक और उस कम्पनी के प्रति उत्तरदायी था और साथ ही वह कम्पनी भी ऐसे अपराध के दोषी समझे जावेंगे और तदनुसार अपने विरुद्ध कार्यवाही किये जाने और दण्डित किये जाने के भागी होंगे।

परन्तु इस अपराध में अन्तर्विष्ट कोई भी बात ऐसे किसी व्यक्ति को इस अधिनियम में उपबन्धित किसी दण्ड का भागी नहीं बनाएगी, यदि वह साबित कर देता है कि अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया था या यह कि उसने ऐसे अपराध के किये जाने का निवारण करने के लिये सम्यक् तत्परता बरती थी :

(2) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होतु हुए भी जहाँ इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध किसी कम्पनी द्वारा किया गया है और यह साबित हो जाता है कि वह अपराध कम्पनी के किसी निदेशक, प्रबन्धक, सचिव या अन्य अधिकारी की सम्पत्ति या मौनानुकूलता से किया गया है या उस अपराध का किया जाना उसकी किसी उपेक्षा के कारण हुआ माना जा सकता है, वहाँ ऐसा निदेशक, प्रबन्धक, सचिव या अन्य अधिकारी भी उस अपराध का दोषी माना जायेगा और तदनुसार अपने विरुद्ध कार्यवाही की जाने और दण्डित किये जाने का भागी होगा।

स्पष्टीकरण - इस धारा के प्रयोजन के लिये-

(क) 'कम्पनी' से कोई नियमित निकाय अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत कोई फर्म या व्यक्तियों की अन्य संस्था आती है।

(ख) फर्म के सम्बन्ध में निदेशक से फर्म का भागीदार अभिप्रेत है।

धारा 15. सबूत का भार (Burden of proof) - (1) जहाँ कोई काष्ठ, चाहे वह चिरा हुआ हो या बिना चिरा हो, ऐसी आरा मिल [***][1] से बरामद होता है, जिसके लिये इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अधीन कोई विधिमान्य अनुज्ञप्ति मौजूद नहीं है, वहाँ जब तक कि तत्प्रतिकूल साबित नहीं कर दिया जाता है जिसके कि साबित करने की भार अभियुक्त पर होगा, तब तक यह उपधारणा की जायेगी कि वह आरा मिल या आरा गड्ढा चालू था।

(2) जहाँ इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के विरुद्ध किसी अपराध के लिये, किसी अभियोजन में यह सिद्ध होता है कि विधि विरुद्ध घोषित किया गया कोई काष्ठ किसी व्यक्ति का आरा मिल के परिसर में या किसी ऐसे स्थल पर जहाँ चिराई की जा रही थी, अभिग्रहीत किया गया था, वहाँ जब तक कि प्रतिकूल साबित नहीं कर दिया जाता है, जिसके कि साबित करने का भार अभियुक्त पर होगा, यह

उपधारणा की जायेगी कि ऐसे व्यक्ति ने इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन किया है।

धारा 16. अपराध का संज्ञान - कोई भी न्यायालय, इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का संज्ञान, ऐसा अपराध गठित करने वाले तत्व के बारे में अनुज्ञापन अधिकारी (Licensing Officer) द्वारा या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा, जिसे राज्य सरकार ने या अनुज्ञापन अधिकारी ने इस निमित्त सम्यक रूप से प्राधिकृत किया हो, की गई लिखित रिपोर्ट पर ही करेगा अन्यथा नहीं।

नोट- राज्य सरकार ने अधिनियम क्र. 18-3-85-x-III (नोट 4) दि. 4-10-85 से धारा 16 के अन्तर्गत कार्यवाही करने हेतु समस्त उपवन मण्डलाधिकारियों तथा सहायक वन संरक्षकों को अपनी-अपनी अधिकारिता के भीतर उक्त धारा के प्रयोजन के लिये अधिकृत किया है।

धारा 17. न्यायालय की अधिकारिता - प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय के अवर कोई न्यायालय, इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का विचारण नहीं करेगा।

धारा 18. अपराध का प्रशमन (Composition of offences) (1) राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त सशक्त किया गया वन अधिकारी-

(क) किसी ऐसे व्यक्ति से, जिसकी अनुज्ञप्ति धारा (6) की उपधारा 5 के अधीन प्रतिसंहृत (Revoke) कर लिये जाने या निलम्बित कर लिये जाने के दायित्वधीन है या जिसके सम्बन्ध में युक्तियुक्त रूप से यह सन्देह है कि उसने धारा 8 के अधीन विवरणी प्रस्तुत न करने का धारा 9 के अधीन कष्ठ का लेखा-जोखा न रखने, या विधि-विरुद्धतया (Un-lawfully) अभिप्राप्त किये गये काष्ट की, जिसका परिमाण (Volume) आधे घन मीटर से कम हो, चिराई करने का अपराध प्रथम बार किया है, दस हजार रुपये से अनाधिक धनराशि, यथा स्थिति ऐसे प्रतिसंहरण या निलम्बन के बदले या ऐसे अपराध के शमन के रूप में प्रतिग्रहित कर सकेगा और शास्ति के रूप में दस हजार रुपये से अनधिक राशि अधिरोपित कर सकेगा और विधि-विरूद्ध अभिप्राप्त किये गये काष्ठ को, जिसका अभिग्रहण किया गया था, अधिहृत किये जाने का आदेश करेगा।

---

1. म.प्र. राजपत्र दि. 26.4.2003 द्वारा विलोपित।

(ख) किसी ऐसे मामले में, जिसमें कोई सम्पत्ति इस अधिनियम के अधीन किये जाने के दायित्वधीन अभिग्रहीत (Seize) कर ली गई है समुचित प्राधिकारी द्वारा इस अधिनियम के अधीन अधिहरण (Confisestion) का आदेश पारित किये जाने के पूर्व, उस सम्पत्ति को, वन अधिकारी द्वारा प्राक्कलित उसके मूल्य का संदाय कर दिये जाने पर निर्मुक्त कर सकेगा।

(2) वन अधिकारी को यथा-स्थिति ऐसी धनराशि का या ऐसे मूल्य का या दोनों का संदाय कर दिया जो पर, अभियुक्त वयक्ति को, यदि वह अभिरक्षा (Custody) में है तो उसे छोड़ दिया जायेगा (Discharged), अभिग्रहित सम्पत्ति निर्मुक्त कर दी जावेगी, और ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध या ऐसी सम्पत्ति के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

नोट - मध्यप्रदेश शासन ने अधिसूचना क्र. 18-3-85-दस-3- (अधि. पाँच) दि. 4 अक्टूबर 1985 के द्वारा इस अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वन मण्डलाधिकारी, जो क्षेत्रीय वन मण्डल के प्रभार में हो, उक्त धारा के प्रयोजन के लिये संसक्त किया है। (देंखे राजपत्र (असाधारण) दि. 7-10-85 पृष्ठ 2001)

धारा 19. अनुज्ञापन अधिकारी आदि लोक सेवक होंगे - अनुज्ञापन अधिकारी और प्रत्येक ऐसे व्यक्ति को जिसे इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन, उस पर रोपित किन्हीं कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिये सम्यक् रूप से प्राधिकृत किया जाता है, भारतीय दण्ड संहित 1860 (1860 का 45) की धारा 21 के अर्थ के अन्तर्गत लोक सेवक समझा जायेगा।

धारा 20. सद्भावपूर्वक की गई कार्यवाही का संरक्षण - इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये किन्हीं नियमों या आदेशों के अनुसरण में, सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिये आशयित किसी भी बात के

लिये कोई बाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाहियाँ, राज्य सरकार या किसी अधिकारी या किसी व्यक्ति या प्राधिकारी के विरूद्ध नहीं होंगी।

धारा 21. पुरस्कार - न्यायालय या यथा-स्थिति अनुज्ञापन अधिकारी ऐसे व्यक्तियों को, जिसकी या जिनकी जानकारी के परिणामस्वरूप इस, अधिनियम के, या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों में से किसी उपबन्ध के उल्लंघन का निर्विवाद रूप से पता लगा हो, उतनी रकम का, जो जुर्माने, की रकम के और/या समपहृत और/या अधिहृत सम्पत्ति के मूल्य के एक-चौथाई के अधिक नहीं होगी, पुरस्कार दिये जाने की अनुज्ञा या आदेश दे सकेगा।

धारा 22. नियम बनाने की शक्ति - (1) राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिये नियम, अधिसूचना द्वारा और पूर्ण प्रकाशन की शर्त के अध्यधीन रहते हुए बना सकेगी।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित समस्त विषयों या उसमें से किसी विषय के लिये उपबन्ध हो सकेंगे अर्थात्-

(क) धारा (6) की उपधारा (1) के अधीन प्रारूप जिसमें आवेदन किया जायेगा और वह फीस तथा प्रतिभूति निक्षेप जो ऐसे आवेदन के साथ होगा।

(ख) धारा (6) की उपधारा (3) के अधीन वे शर्तें जिनके अन्तर्गत अनुज्ञप्ति मन्जूर की जायेगी।

(ग) धारा (6) की उपधारा (4) के अधीन वह कालावधि जिसके लिये, वह फीस, जिसका संदाय किया जाने पर, और शर्त जिसके अध्यधीन अनुज्ञप्ति नवीकृत की जा सकेगी।

(घ) धारा (8) के अधीन के प्रारूप जिसमें, तथा वे तारीखें जिन पर विवरणियाँ प्रस्तुत की जायेंगी और वह अधिकारी जिसका विवरणी दी जावेगी।

(ङ) धारा (10) की उपधारा (2) के अधीन विद्युत संयोजन आदि लगाये जाने के लिये।

(च) धारा (11) के अधीन वह प्राधिकारी जिसको अपील की जायेगी।

(छ) कोई अन्य विषय जो विहित किया जाना अपेक्षित हो या जो विहित किया जाये।

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाये गये समस्त नियम विधानसभा के पटल पर रखे जावेंगे।

धारा 23. अन्य अधिनियमों तथा विधियों का आरामिल [1](........) को लागू न होना - किसी अन्य अधिनियम या विधि, नियम या आदेश में अन्तर्विष्ट कोई भी बात या राज्य के किन्हीं क्षेत्रों में विधि का बल रखने वाली कोई भी बात आरा मिल [1](........) को तथा चिरान को उन विषयों का बाबत लागू नहीं होगी जिसके लिये इस अधिनियम में उपबन्ध अन्तर्विष्ट है।

धारा 24. व्यावृत्ति (Saving) इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्ध -

(क) बढ़ईगिरी की उन सामान्य प्रक्रियाओं को जिसमें आरा मिल [1](........) का कार्य न ही है, को लागू नहीं होंगे।

(ख) राज्य शासन के स्वामित्व की आरा मिल।

धारा 25. कठिनाई दूर करने की शक्ति - यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावशील करने में कोई कठिनाई उद्भूत होती है, तो राज्य सरकार, ऐसी उपबन्धों से असंगत न होने वाली, कोई भी बात कर सकेगी, जो उस कठिनाई को दूर करने के प्रयोजन के लिये उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत होती है। परन्तु ऐसा कोई आदेश, इस अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख से दो वर्ष की कालावधि का अवसान हो जाने के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

धारा 26. निरसन - मध्य प्रदेश काष्ट चिरान (विनियमन) अध्यादेश दि. 1983 (क्रमांक 11 वर्ष 1983) एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

नोट- (1) अधिसूचना क्र. 3415/X/83 दिनांक 15-12-83 जो असाधारण राज-पत्र दि. 15-12-83 के प्रकाशित हुआ है। (1) काष्ठ चिरान (विनियमन) अध्यादेश दि. 15-12-83 से पूरे मध्य प्रदेश राज्य में लागू हुआ।

(2) धारा 3(a) के तहत वन मण्डलाधिकारी को अनुज्ञापन अधिकारी नियुक्त किया गया।

(3) धारा 11(1) के तहत वन संरक्षक को अपील अधिकारी नियुक्त किया।

(4) म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम को 15-12-83 से लागू करना अनियमित नहीं है। मि. पिटीशन क्र. 2992/1984 जबलपुर उच्च न्यायालय निर्णय दि. 8-9-87

अधिसूचना क्र. 18-3-85/दस/3 (अ-1) (अनुज्ञप्तिधारी 1) के द्वारा उक्त अधिसूचना में निम्न संशोधन किया।

संशोधन - उक्त अधिसूचना में अनुक्रमांक 2 तथा 3 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों को लोप किया जावे।

म.प्र. शासन, वन विभाग, भोपाल का पत्र क्र. एफ-30-56-93-पाँच-3, दिनांक 23-2-94 जो प्रधान वन संरक्षक एवं अन्य अधिकारियों को संबोधित है के अनुसार : (1) छोटी आरा मशीन और खराब मशीन जहाँ पर कि केवल फिनीश्ड प्रोडक्ट्स बनाये जाते हैं और चिराई का कार्य नहीं किया जाता है के नियमितीकरण एवं स्वीकृत हेतु संबंधित वन मण्डलाधिकारी, जो कि अधिनियम में अनुज्ञापन अधिकारी घोषित है को अधिकृत किया जाता है।

---

1. म.प्र. काष्ठ चिरान (संशोधन) अधिनियम 2003 द्वारा विलोपित।

2. कोई भी व्यक्ति जिसके पास आरा मशीन चलाने की अनुज्ञप्ति हो, अपनी आरा मशीन अन्य व्यक्ति को बेच सकता है और ऐसी स्थिति में वह अनुज्ञप्ति उस एक कैलेण्डर वर्ष के लिये क्रेता/संबंधित व्यक्ति को हस्तांतरित की जायेगी परन्तु उन प्रकरणों में जहाँ किसी आरा मशीन के विरुद्ध दाण्डिक कार्यवाही प्रस्तावित हो, अथवा प्रगति पर हो, की अनुज्ञप्ति हस्तांतरित नहीं की जायेगी।

